DoIT.C
Department of Information Technology & Communication, Rajasthan

# राजस्थान सरकार
## सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्रमांक :एफ2(1458)/डीओआईटी/संस्था/13/पार्ट–II/M L-3038/2024 जयपुर, दिनांकः 25/01/2024

### कार्यालय आदेश

विभागीय आदेश क्रमांक प.2(9359)/सू.प्रौ./संस्था/2021/04771/2021 दिनांक 01.12.2021 के द्वारा श्री विष्णु कुमार वैष्णव पुत्र स्व. श्री शम्भु प्रकाश वैष्णव, सूचना सहायक को राजस्थान मृत सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों के अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम, 1996 के अन्तर्गत राजस्थान कम्प्यूटर राज्य एवं अधीनस्थ सेवा में सूचना सहायक के पद पर वेतन श्रृंखला 5200–20200 (10) में दो वर्ष की परिवीक्षा प्रशिक्षण अवधि के लिये राशि रूपये 18,500/– पर नियत पारिश्रमिक के अन्तर्गत प्रोबेशनर ट्रेनी के रूप में नियुक्ति प्रदान की गई थी। उक्त आदेश की अनुपालना में श्री विष्णु कुमार वैष्णव, द्वारा जिला कार्यालय सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, राजसमन्द में दिनांक 02.12.2021 को मध्याह पूर्व सूचना सहायक के पद पर कार्यग्रहण किया गया।

वित्त (नियम अनुभाग) के नोटिफिकेशन प.15(1) वित्त (नियम)/2017 दिनांक 09.12.2017 के अनुसरण में श्री विष्णु कुमार वैष्णव, सूचना सहायक का कॉलम सं. 7 में उल्लेखित दिनांक से पुनरीक्षित वेतनमान नियम 2017 के नियम 17 के अनुसार सूचना सहायक पद की नियमित वेतन श्रृेखला पी.बी–1 (5200–20200) की ग्रेड पे--2800 (ग्रेड पे सं.–10) का शिड्यूल–I (Part–B) की Pay Matrix के अन्तर्गत L-8 लेविल का न्यूनतम (First cell) की राशि रूपये 26,300/– एवं नियमानुसार भत्ते आहरित/वितरित करने की एतद् द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है:–

| क्र. सं. | मेरिट नं. | सूचना सहायक का नाम | वर्तमान पदस्थापित विभाग | प्रथम कार्यग्रहण दिनांक | परीवीक्षाधीन अवधी (दो वर्ष) पूर्ण होने की दिनांक | निर्धारित वेतनमान में उक्तानुसार निर्धारित वेतन के आधार पर वेतन आहरण किये जाने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | डीडीपी | श्री विष्णु कुमार वैष्णव पुत्र स्व. श्री शम्भु प्रकाश वैष्णव | जिला कार्यालय सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, राजसमन्द | 02.12.2021 | 01.12.2023 | 02.12.2023 |

उक्त कार्मिक का वेतन आहरण संबंधित कार्यालयाध्यक्ष के द्वारा वित्तीय एवं लेखा नियमों के प्रावधानों के तहत किया जावेगा एवं स्थाईकरण के आदेश एवं वेतन निर्धारण की प्रविष्टी का इन्द्राज नियमानुसार उक्त कर्मचारी की सेवा पुस्तिका में किया जाना सुनिश्चित किया जावे।

25/01/24

(विवेक कुमार)
विशेषाधिकारी एवं संयुक्त सचिव

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. वरिष्ठ निजी सचिव, आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, जयपुर।
2. सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक), जिला कार्यालय सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, राजसमन्द।
3. प्रभारी अधिकारी, वेबसाईट, वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।
4. श्री विष्णु कुमार वैष्णव, सूचना सहायक, जिला कार्यालय, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, राजसमन्द।
5. निजी/रक्षित पत्रावली।

विजय
25/01/2024
अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी